# RRB PO Pre 2022 (21st August) Shift-Wise Previous Year Paper Mock 06

**Directions (1-4) : दी गई जानकारी का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:**

आठ व्यक्ति P, Q, R, S, T, U, V और W एक सीधी रेखा में एक दूसरे से समान दूरी पर बैठे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। उनमें से कुछ का मुख उत्तर की ओर है और कुछ का मुख दक्षिण की ओर है।

V का मुख उत्तर की ओर है और वह किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है। Q, S के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है। S और V के बीच दो व्यक्तियों का अंतर है। S, P का निकटतम पडोसी है जो Q के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। U, R के दायें से चौथे स्थान पर बैठा है। R न तो Q और न ही S का निकटतम पड़ोसी है। T अंतिम छोर पर नहीं बैठा है। एक दूसरे के आस-पास बैठे व्यक्तियों का मुख समान दिशा की ओर नहीं है।

**Q1. निम्नलिखित में से कौन S के ठीक बायें बैठा है?**

(a) Q
(b) P
(c) T
(d) R
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q2. Q और R के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) चार
(e) चार से अधिक

**Q3. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति अंतिम छोर पर बैठा है?**

(a) Q, R
(b) W, V
(c) T, S
(d) R, V
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q4. कितने व्यक्ति दक्षिण दिशा की ओर उन्मुख हैं?**

(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) चार
(e) चार से अधिक

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**80,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

**20,000+** Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q5. निम्न में से कौन सा निम्नलिखित व्यंजक में क्रमशः % और # को प्रतिस्थापित करेगा ताकि T ≤ P, P>F सत्य हो?**

M < S % T ≥ E = D; P ≥ S # L = C > F

(a) >, ≤
(b) ≥, >
(c) ≥, <
(d) >, =
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (6-10) : निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**एक निश्चित कूट भाषा में:**

"Farmers Protest continue Union" को "ae me le ue" लिखा जाता है।

"Need complete by farmers" को " De le te ge" लिखा जाता है।

"Continue needed good Union" को "te ae ue ce" लिखा जाता है।

"Union get by chnace" को "de ye we ae" लिखा जाता है।

**Q6. "good way complete" के लिए संभावित कूट क्या है?**

(a) ce me ge
(b) pe me ge
(c) ce te le
(d) pe ce ge
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q7. यदि "Farmers get needed" को "ye le te" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो "Chance" के लिए क्या कूट होगा?**

(a) xe
(b) we
(c) ce
(d) de
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**Q8. "By" के लिए कूट क्या है?**

(a) de
(b) te
(c) ae
(d) ue
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q9. दी गई कूट भाषा में "me" कूट के लिए क्या शब्द है?**

(a) Union
(b) Good
(c) Protest
(d) Chance
(e) Get

**Q10. यदि "Union give continue" को "ue ae re" लिखा जाता है, तो "Give" का कूट क्या होगा?**

(a) ae
(b) ue
(c) re
(d) आंकड़ा अपर्याप्त
(e) निर्धारित नहीं कर सकता

**Directions (11-15) : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें**

आठ व्यक्तियों अनु, बिभा, चीकू, देव, इला, फिजा, गोलू और हिमा को अगस्त और सितंबर महीने में बैठक में भाग लेना होगा लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। प्रत्येक महीने में, वे दिए गए महीनों की पहली, 5वीं, 15वीं और 17वीं तारीख को बैठक में भाग लेंगे। दिए गए महीने की दी गई तारीखों पर चार व्यक्ति बैठक में भाग लेंगे।

अनु 5 सितंबर को बैठक में भाग लेंगी। अनु और गोलू के बीच बैठक में तीन व्यक्ति शामिल होंगे। देव और गोलू के बीच बैठक में दो से अधिक व्यक्ति शामिल होंगे। देव और हिमा के बीच दो व्यक्ति बैठक में भाग लेंगे। हिमा और चीकू के बीच बैठक में तीन व्यक्ति शामिल होंगे। जिस तारीख को हिमा बैठक में भाग लेंगी, उसके तुरंत पहले या बाद में बिभा बैठक में शामिल नहीं होंगी। बिभा 15 सितंबर को बैठक में शामिल नहीं होंगी। एला और फिजा के बीच दो व्यक्ति बैठक में भाग लेंगे। इला अगस्त महीने में बैठक में भाग लेंगी।

**Q11. निम्नलिखित में से कौन 5 अगस्त को बैठक में भाग लेगा?**

(a) चीकू
(b) गोलू
(c) फिजा
(d) अनु
(e) देव

**Q12. गोलू और फिजा के बीच बैठक में कितने व्यक्ति शामिल होंगे?**

(a) एक
(b) तीन
(c) पांच
(d) दो
(e) चार

**Q13. हिमा निम्नलिखित में से किस दिन बैठक में भाग लेंगी?**

(a) 5 अगस्त
(b) 1 अगस्त
(c) 17 अगस्त
(d) 17 सितंबर
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q14. यदि चीकू का संबंध बिभा से है और हिमा का फिजा से संबंध है तो इसी प्रकार इला का संबंध किससे है?**

(a) चीकू

(b) गोलू

(c) फिजा

(d) अनु

(e) देव

**Q15. निम्नलिखित में से कौन 1 अगस्त को बैठक में भाग लेगा?**

(a) चीकू

(b) गोलू

(c) फिजा

(d) अनु

(e) देव

**Directions (16-18) : इन प्रश्नों में कथनों में विभिन्न तत्वों के बीच संबंध दर्शाया गया है। इन कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। उत्तर दें:**

**Q16.**

**कथन :**

$P \leq Q, S \geq T < M < P$

**निष्कर्ष :**

I. $T < Q$

II. $Q > S$

(a) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है।

(b) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है।

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है।

(d) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है।

(e) यदि निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं।

**Q17.**

**कथन :**

$M < O, K \geq M > F \leq W < Q$

**निष्कर्ष :**

I. $O > K$

II. $F \geq O$

(a) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है।

(b) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है।

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है।

(d) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है।

(e) यदि निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं।

**Q18.**
**कथन :**
$U > T > M > X = S, T \geq Z > N$
**निष्कर्ष :**
I. $N > X$
II. $N < U$

(a) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है।

(b) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है।

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है।

(d) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है।

(e) यदि निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं।

**Q19. शब्द 'EQUIDISTANT' में वर्णों के ऐसे कितने युग्म हैं, जिनमें से प्रत्येक के बीच (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) उतने ही अक्षर हैं जितने अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार उनके बीच होते हैं?**

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q20.यदि संख्या 524393156749 में, पहले अंक की स्थिति को दूसरे अंक की स्थिति से बदल दिया जाता है और तीसरे अंक को चौथे अंक से बदल दिया जाता है और इसी तरह आगे भी। तो बायें छोर से 5वीं संख्या कौन सी होगी?**

(a) 3
(b) 6
(c) 9
(d) 1
(e) 5

**Directions (21-24) : नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में कुछ कथन और उसके बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।**

**Q21. कथन:**

कुछ अध्ययन मेज हैं।

सभी मेज पीजी हैं।

कुछ लाइब्रेरी मेज हैं।

**निष्कर्ष:**

I. कुछ लाइब्रेरी कभी पीजी नहीं हो सकती हैं।

II. कुछ लाइब्रेरी अध्ययन हो सकते हैं।

(a) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है।

(d) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

(e) यदि निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q22. कथन:**

सभी सिनेमा माध्य हैं।

कुछ माध्य समय हैं।

कोई 3डी समय नहीं है।

**निष्कर्ष:**

I. कुछ माध्य 3डी नहीं हैं।

II. कुछ सिनेमा समय हो सकते हैं

(a) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है।

(d) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

(e) यदि निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q23. कथन:**

कुछ नीले पीले हैं।

कुछ लाल गुलाबी हैं।

कोई नीला गुलाबी नहीं है।

**निष्कर्ष:**

I. कुछ लाल पीले हो सकते हैं।

II. कुछ लाल नीले नहीं हैं।

(a) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है।

(d) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

(e) यदि निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q24. कथन**:

केवल कुछ GW, TP हैं।

केवल कुछ TP, RX हैं। सभी RX, MKहैं।

**निष्कर्ष**:

I. कुछ GW, RX हो सकते हैं।

II. सभी TP के RX होने की संभावना है।

(a) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है।

(d) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

(e) यदि निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

**Directions (25-29) : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें**

आठ व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से कुछ का मुख केंद्र की ओर है जबकि कुछ का मुख बाहर की ओर है। E, G के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। B, E के बायें से तीसरे स्थान पर बैठा है। E और B विपरीत दिशाओं की ओर उन्मुख हैं। B के निकटतम पड़ोसियों का मुख केंद्र की ओर है। G का मुख केंद्र की ओर है। C, B के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। H, C के ठीक बायें बैठा है। A, D के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। D, B और F की समान दिशा की ओर उन्मुख है लेकिन A के विपरीत उन्मुख है। D, G का निकटतम पडोसी नहीं है।

**Q25. दी गई बैठने की व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह कौन सा है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?**

(a) H
(b) F
(c) C
(d) A
(e) D

**Q26. H के बायें से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?**

(a) G
(b) B
(c) F
(d) दिए गए विकल्पों के अलावा अन्य कोई
(e) A

**Q27. दी गई बैठने की व्यवस्था के अनुसार F के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?**

(a) H, F के निकटतम पड़ोसियों में से एक है

(b) F, E के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है

(c) F का मुख केंद्र की ओर है

(d) F और G के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।

(e) F और A के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है।

**Q28. A के सन्दर्भ में C का स्थान क्या है?**

(a) बाईं ओर दूसरा

(b) दाईं ओर दूसरा

(c) दाईं ओर तीसरा

(d) बाईं ओर तीसरा

(e) बाईं ओर चौथा

**Q29. दी गई व्यवस्था में कितने व्यक्ति बाहर की ओर उन्मुख हैं?**

(a) तीन

(b) दो

(c) चार

(d) पांच

(e) एक

**Directions (30-32) : जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

एक व्यक्ति बिंदु B से पश्चिम दिशा में चलना शुरू करता है और बिंदु A पर पहुंचने के लिए 7 मीटर चलता है। बिंदु A से, वह दायें मुड़ता है और बिंदु X पर पहुंचने के लिए 8 मीटर चलता है। बिंदु X से, वह बिंदु D पर पहुंचने के लिए 10 मीटर पूर्व में चलना शुरू करता है। बिंदु D से, वह दायें मुड़ता है और बिंदु Z तक पहुँचने के लिए 12मी चलता है। बिंदु Z से, वह बिंदु P पर पहुँचने के लिए पश्चिम दिशा में 3मी चलता है।

**Q30. बिंदु Z के संबंध में बिंदु B की दिशा क्या है**

(a) दक्षिण

(b) उत्तर-पश्चिम

(c) दक्षिण-पूर्व

(d) उत्तर

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q31. बिंदु B और बिंदु P के मध्य न्यूनतम दूरी कितनी है?**

(a) 3 मी

(b) 6 मी

(c) 4 मी

(d) 5 मी

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q32. बिंदु A के संदर्भ में बिंदु D किस दिशा में है?**

(a) उत्तर-पश्चिम

(b) दक्षिण-पूर्व

(c) दक्षिण-पश्चिम

(d) उत्तर-पूर्व

(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (33-34) : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:**

सात लोगों के परिवार में दो जोड़े और तीन पीढ़ियां हैं। Q, Z का ग्रैंडचाइल्ड है। Z, A से विवाहित है। K, Q का पिता है। A, F का ससुर है। K, D और C का भाई है। C, Q का अंकल है। इस परिवार में चार महिलाएँ हैं। C और D अविवाहित हैं।

**Q33. F, Q से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) आंट

(b) बहन

(c) माँ

(d) भतीजी

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q34. D, A से कैसे संबंधित है?**

(a) भाभी

(b) बेटा

(c) माँ

(d) बेटी

(e) इनमें से कोई नहीं

Adda247
GET IT ON Google Play

**Directions (35-38) : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

एक कंपनी में सात व्यक्तियों के अलग-अलग पदनाम अर्थात महाप्रबंधक (जीएम) , उप महाप्रबंधक (डीजीएम) , सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) , प्रबंधक, सहायक प्रबंधक (एएम) , परिवीक्षाधीन अधिकारी (पीओ) , और लिपिक हैं। वरिष्ठता का क्रम वही है जो ऊपर दिया गया है अर्थात महाप्रबंधक सबसे वरिष्ठ पद है और लिपिक सबसे कनिष्ठ पद है। M उस व्यक्ति से वरिष्ठ है जो प्रबंधक है। M और N के बीच दो से अधिक पद हैं तथा N परिवीक्षाधीन अधिकारी नहीं हैं। N और H के बीच एक पद है। M और S के बीच उतने ही पद हैं जितने S और H के बीच हैं। S, उप महाप्रबंधक नहीं है। S और P,जो R से वरिष्ठ है, के बीच एक पद है। Q, R से कनिष्ठ है।

**Q35. Q से कितने व्यक्ति वरिष्ठ हैं?**

(a) दो

(b) चार

(c) तीन

(d) पांच

(e) पांच से अधिक

**Q36. निम्नलिखित में से कौन कंपनी का सहायक महाप्रबंधक है?**

(a) R
(b) S
(c) N
(d) P
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q37. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति कंपनी का सहायक प्रबंधक है?**

(a) S
(b) R
(c) N
(d) P
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q38. निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन सही सुमेलित है?**

(a) H-परिवीक्षाधीन अधिकारी

(b) P-उप महाप्रबंधक

(c) S-सहायक महाप्रबंधक

(d) N-लिपिक

(e) कोई भी सही नहीं है



**Q39. छात्रों की एक पंक्ति में, अविका दायें छोर से 20वें स्थान पर है और वीर बाएं छोर से 14वें स्थान पर है। अपने आरंभिक स्थानों को आपस में बदलने के बाद, अविका का बायें से कौन सा स्थान है?**

(a) 10
(b) 9
(c) 20
(d) 14
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q40. यदि शब्द 'RELIGIOUS' के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला के क्रम में बाएँ से दाएँ व्यवस्थित किया जाए तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?**

(a) दो

(b) एक

(c) कोई नहीं

(d) तीन

(e) चार

**Q41. A एक काम को अठारह दिनों में कर सकता है, जबकि B और C मिलकर उसी काम को छह दिनों में कर सकते हैं। यदि B की कार्यक्षमता का A की कार्यक्षमता से अनुपात 8 : 5 है, तो C अकेले उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?**

(a) $11\frac{1}{7}$ दिन

(b) $13\frac{1}{4}$ दिन

(c) $11\frac{6}{7}$ दिन

(d) $12\frac{6}{7}$ दिन

(e) $13\frac{1}{7}$ दिन

**Q42. शांत जल में एक नाव की चाल 3.5 किमी/घंटा है। यदि नाव द्वारा धारा के प्रतिकूल एक निश्चित दूरी तय करने में लिया गया समय, समान दूरी को धारा के अनुकूल तय करने का 250% है, तो धारा की चाल ज्ञात कीजिए?**

(a) 5/2 किमी/घंटा

(b) 3/2 किमी/घंटा

(c) 3 किमी/घंटा

(d) 5/4 किमी/घंटा

(e) 1.75 किमी/घंटा

**Q43. मनोज और नीलू ने क्रमशः 'P' रु.और 6000 रु. का निवेश किया, जबकि मनोज ने आठ महीने बाद व्यवसाय छोड़ दिया। यदि एक वर्ष के अंत में मनोज को नीलू से 50% कम लाभ प्राप्त होता है, तो 'P' ज्ञात कीजिए?**

(a) Rs 4800
(b) Rs 5500
(c) Rs 4200
(d) Rs 4500
(e) Rs 5000

**Q44. A, B से तीन वर्ष बड़ा है और दो वर्ष बाद A की आयु और B की आयु का अनुपात 5:4 होगा। चार वर्ष बाद A और B की आयु का औसत ज्ञात कीजिए? (वर्षों में) ?**

(a) 15.5
(b) 11.5
(c) 12.5
(d) 14.5
(e) 13.5

**Q45. 180 किमी प्रति घंटे की चाल से चलने वाली एक ट्रेन एक खम्बें को 36 सेकंड में पार करती है, कितने समय में यह ट्रेन, 1200 मीटर लंबी दूसरी ट्रेन को पार कर सकती है, जो 108 किमी प्रति घंटे की चाल से विपरीत दिशा में चल रही है?**

(a) 32.5 सेकंड
(b) 37.5 सेकंड
(c) 35.5 सेकंड
(d) 30.5 सेकंड
(e) 27.5 सेकंड

**Directions (46-50) : निम्नलिखित प्रश्नों में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर लगभग क्या मान आना चाहिए?**

**Q46.** $17.97\% \text{ of } 649.9 - 8.02\% \text{ of } 1149.99 = ?^2$

(a) 4
(b) 5
(c) 3
(d) 6
(e) 7

**Q47.** $\frac{?-7.97}{12.04+8.02} \times (5.997)^2 = 72$

(a) 48
(b) 36
(c) 54
(d) 32
(e) 40


Q48. 30.08% of $\frac{4}{7}th\ of\ \frac{1}{8}th$ of 419.91 = ?
(a) 6
(b) 18
(c) 15
(d) 12
(e) 9

Q49. 719.97 ÷ 80.02 ÷ 60.07 × 119.97
(a) 14
(b) 20
(c) 18
(d) 10
(e) 24

Q50. 899.9 × 25.02 ÷ 36.01 = $(? + 17.01)^2$
(a) 10
(b) 5
(c) 18
(d) 12
(e) 8

**Directions (51-55) : निम्नलिखित पाई-चार्ट एक शहर में विभिन्न वाहनों के कारण दुर्घटनाओं के प्रतिशत विभाजन को दर्शाता है।**

दुर्घटनाओं की कुल संख्या = 24,000 (पुरुष और महिला दोनों सहित)




**Q51. मोटरसाइकिलों, बसों और कारों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की औसत संख्या ज्ञात कीजिए?**
(a) 4,620
(b) 4,820
(c) 4,720
(d) 4,520
(e) 4,500

**Q52. ट्रक और ऑटो द्वारा मिलाकर हुई दुर्घटनाओं की कुल संख्या में से, मृत्यु से घायल होने का अनुपात 13:11 है तो इन दोनों वाहनों के कारण घायल होने की संख्या ज्ञात कीजिए।**

(a) 3,300
(b) 3,900
(c) 4,400
(d) 3,410
(e) 3,850

**Q53. यदि दुर्घटनाओं की कुल संख्या में 62 ½% पुरुष हैं। कारों और साइकिलों के कारण होने वाली पुरुष दुर्घटनाएं कुल पुरुष दुर्घटनाओं का 40% है, तो कार और साइकिल के कारण मिलाकर महिला दुर्घटनाओं की संख्या ज्ञात कीजिए?**

(a) 720
(b) 900
(c) 600
(d) 960
(e) 840

**Q54. मोटरसाइकिल और ऑटो द्वारा मिलाकर तथा ट्रक और साइकिल द्वारा मिलाकर होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या के संगत केंद्रीय कोण का अंतर ज्ञात कीजिए।**

(a) 35°
(b) 33.4°
(c) 32.4°
(d) 35.4°
(e) 36°

**Q55.कुल दुर्घटनाओं में से 48% मौके पर ही मौतें होती हैं, जो शहर की कुल जनसंख्या का केवल 6 ¼ % हैं तो, महिला जनसंख्या ज्ञात कीजिए, यदि शहर में पुरुष का महिला से अनुपात 13:11 है।**

(a) 84,480
(b) 82,480
(c) 86,480
(d) 86,640
(e) 84,680

**Directions (56-60) :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, दो समीकरण (I) और (II) दी गयी हैं, आपको दोनों समीकरणों को हल करना है और उत्तर देना है।

**Q56.**
I. $x^2 + x - 6 = 0$
II. $y^2 + 7y + 11 = -1$

(a) यदि x > y

(b) यदि x ≥ y

(c) यदि x < y

(d) यदि x ≤ y

(e) यदि x = y या x और y के बीच कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

**Q57.**

I. $2x^2 - 17x + 35 = 0$

II. $4y^2 - 19y + 21 = 0$

(a) यदि x > y

(b) यदि x ≥ y

(c) यदि x < y

(d) यदि x ≤ y

(e) यदि x = y या x और y के बीच कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

**Q58.**

I. $\sqrt[3]{x - 512} = 11$

II. $y + 353 = 13^3$

(a) यदि x > y

(b) यदि x ≥ y

(c) यदि x < y

(d) यदि x ≤ y

(e) यदि x = y या x और y के बीच कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

**Q59.**

I. $x^2 + 39x = -380$

II. $y^2 + 37y = -342$

(a) यदि x > y

(b) यदि x ≥ y

(c) यदि x < y

(d) यदि x ≤ y

(e) यदि x = y या x और y के बीच कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

**Q60.**

I. $x - \frac{2}{x} = \frac{2}{x}$

II. $y^2 - 2y + 1 = 0$

(a) यदि x > y

(b) यदि x ≥ y

(c) यदि x < y

(d) यदि x ≤ y

(e) यदि x = y या x और y के बीच कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

**Directions (61-65) : डेटा को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।**

हॉकी, क्रिकेट और फुटबॉल के तीन खेल देखने के लिए लोग सोनीसिक्स की सदस्यता लेते हैं। हॉकी देखने के लिए सदस्यता लेने वाले पुरुषों का क्रिकेट देखने के लिए सदस्यता लेने वाले पुरुषों से अनुपात 5:6 है। क्रिकेट देखने के लिए सदस्यता लेने वाली महिलाओं की संख्या, हॉकी देखने के लिए सदस्यता लेने वाली महिलाओं की तुलना में 1000 कम है। फ़ुटबॉल देखने के लिए सदस्यता लेने वाले पुरुष और महिलाएं क्रमशः 16750 और 18500 हैं। क्रिकेट देखने के लिए सदस्यता लेने वाले कुल पुरुष, क्रिकेट देखने के लिए सदस्यता लेने वाली कुल महिलाओं से 4000 कम है। क्रिकेट देखने के लिए सदस्यता लेने वाले पुरुषों और महिलाओं का औसत 17000 है।

**Q61. क्रिकेट और हॉकी एकसाथ देखने के लिए सदस्यता लेने वाले कुल पुरुष, फुटबॉल और क्रिकेट एकसाथ देखने के लिए सदस्यता लेने वाली कुल महिला से कितने अधिक/कम हैं?**

(a) 10000
(b) 12000
(c) 5000
(d) 8000
(e) 7000

**Q62. फुटबॉल देखने के लिए सदस्यता लेने वाले कुल पुरुष, क्रिकेट देखने के लिए सदस्यता लेने वाले कुल पुरुष से कितने प्रतिशत अधिक हैं?**

(a) 18 ⅔%
(b) 8 ⅔%
(c) 11 ⅔%
(d) 15 ⅔%
(e) 12 ⅔%

**Q63.हॉकी, फुटबॉल और क्रिकेट देखने के लिए सदस्यता लेने वाले पुरुष का औसत क्या है?**

(a) 14500
(b) 13600
(c) 11750
(d) 14750
(e) 15500

**Q64.यदि टेनिस देखने के लिए सदस्यता लेने वाली कुल महिला हॉकी, फुटबॉल और क्रिकेट देखने के लिए सदस्यता लेने वाली कुल महिलाओं का 40% है, तो टेनिस देखने के लिए सदस्यता लेने वाली कुल महिलाएं कितनी हैं?**

(a) 11500
(b) 12500
(c) 23000
(d) 25000
(e) None of these

**Q65.हॉकी, फुटबॉल और क्रिकेट देखने के लिए सदस्यता लेने वाले कुल पुरुष हॉकी, फुटबॉल और क्रिकेट एकसाथ देखने के लिए सदस्यता लेने वाली कुल महिला से कितने अधिक/कम हैं?**

(a) 15000
(b) 13250
(c) 10200
(d) 15500
(e) 10000

**Directions (66-70) : नीचे दी गई तालिका में पांच दिनों की तीन अलग-अलग पाली में एक कंप्यूटर लैब में एसबीआई क्लर्क प्री-परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले छात्रों की कुल संख्या दर्शायी गई है। डेटा को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें?**

| दिन | पाली 1 | पाली 2 | पाली 3 |
|---|---|---|---|
| दिन 1 | 750 | 600 | 750 |
| दिन 2 | 900 | 900 | 1050 |
| दिन 3 | 600 | 800 | 900 |
| दिन 4 | 1050 | 525 | 600 |
| दिन 5 | 750 | 400 | 800 |

**Q66. दिन 2 की पाली 1 और पाली 2 में एकसाथ उपस्थित होने वाले छात्रों की कुल संख्या, दिन 1 और दिन 3 में एकसाथ पाली 3 में उपस्थित होने वाले छात्रों की कुल संख्या से लगभग कितने प्रतिशत अधिक या कम है?**

(a) 11.11%
(b) 9.09%
(c) 8.25%
(d) 11.33%
(e) 9.11%

**Q67. यदि दिन 4 की पाली 2 में उपस्थित होने वाले 40% छात्र लड़कियां हैं, तो दिन 4 की पाली 2 में उपस्थित होने वाले लड़कों की संख्या, दिन 5 की समान पाली में उपस्थित होने वाले कुल छात्रों से कितनी कम है?**

(a) 190
(b) 105
(c) 85
(d) 90
(e) 120

**Q68. सभी पांच दिनों की पाली 3 में उपस्थित होने वाले छात्रों की औसत संख्या ज्ञात कीजिए?**

(a) 800
(b) 820
(c) 810
(d) 815
(e) 805

**Q69. यदि दिन 1 और दिन 5 की पाली 1 और पाली 3 में क्रमशःउपस्थित छात्र का 0.4% और 0.75% छात्र उत्तीर्ण होते हैं, तो दिन 5 की पाली 3 में प्री-एग्जाम पास करने वाले छात्रों का दिन 1 की पाली 1 में में प्री-एग्जाम पास करने वाले छात्रों से अनुपात ज्ञात करें?**

(a) 1:2
(b) 3:2
(c) 4:3
(d) 2:3
(e) 2:1

**Q70. दिन4 की पाली 2 में उपस्थित होने वाले छात्रों की कुल संख्या, समान दिन की पाली 3 में उपस्थित होने वाले छात्रों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत है?**

(a) 45%
(b) 87.5%
(c) 62.5%
(d) 75%
(e) 60%

**Q71. एक व्यक्ति ने X% प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज पर 4000 रुपये का निवेश किया और तीन वर्ष बाद 5440 रुपये की राशि प्राप्त की। (X + 3) का मान ज्ञात कीजिए?**

(a) 9
(b) 21
(c) 18
(d) 15
(e) 12

**Q72. वृत्त की परिधि और वर्ग के परिमाप का योग 204 सेमी है और वृत्त की त्रिज्या का वर्ग की भुजा से अनुपात 7:6 है। वर्ग का क्षेत्रफल (वर्ग सेमी में) ज्ञात कीजिए।**

(a) 324
(b) 400
(c) 441
(d) 256
(e) 576

**Q73. पाइप A और B अकेले एक टैंक को क्रमशः 'x' घंटे और 'x+10' घंटे में भर सकते हैं। यदि दोनों पाइप एक साथ टैंक को 12 घंटे में भरते हैं, तो अकेले B द्वारा टैंक को भरने में लिया गया समय, A द्वारा अकेले समय का कितना प्रतिशत है?**

(a) इनमें से कोई नहीं
(b) 175%
(c) 125%
(d) 200%
(e) 150%

**Q74. चीनी और पानी के 80 लीटर घोल को 2:3 के अनुपात में 120 लीटर चीनी और पानी के घोल में मिलाया जाता है। 120 लीटर घोल में चीनी और पानी का अनुपात ज्ञात कीजिए, यदि अंतिम घोल में चीनी का प्रतिशत 38.5% है?**
(a) 3:2
(b) 2:3
(c) 3:5
(d) 7:13
(e) 5:7

**Q75. एक व्यक्ति एक वस्तु खरीदता है और उस पर उसके क्रय मूल्य से 30% अधिक अंकित करता है। बिक्री के समय, वह 15% के स्थान पर 10% की छूट देता है जिसके कारण वह 13 रुपये अधिक कमाता है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए?**
(a) रु. 230
(b) इनमें से कोई नहीं
(c) रु. 150
(d) रु. 130
(e) रु. 200

**Directions (76-80) :** दी गई संख्या श्रंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए।

**Q76. 2 8, 40, 240, 1680, ?**
(a) 12440
(b) 13440
(c) 14440
(d) 11440
(e) 10440

**Q77. 1, 6, 16, 31, 51, ?**
(a) 79
(b) 72
(c) 74
(d) 76
(e) 77

**Q78. 4096, 1024, 512, 128, 64, ?**
(a) 2
(b) 4
(c) 32
(d) 8
(e) 16

GET IT ON Google Play

**Q79. 21, 42, 64, 87, 111, ?**

(a) 136
(b) 126
(c) 145
(d) 129
(e) 121

**Q80. 65, 126, 217, 344, 513, ?**

(a) 728
(b) 730
(c) 731
(d) 729
(e) 733

